
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 13.06.2022 से 18.06.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 का समापन समारोह
(दिनांक 13.06.22)




**विषय: खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 का समापन समारोह।**

**प्रभाव:** पिछले 10 दिनों से चल रहे खेलों इंडिया यूथ गेम्स 2021 के चौथे संस्करण का समापन हो गया। इस अवसर पर पंचकूला के इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम में भव्य समापन समरोह का आयोजन किया गया। जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी ने शिरकत की और हरियाणा खेल अकादमी बनाने की घोषणा की। जिसमें देश भर के खिलाड़ी प्रशिक्षण ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को देखते हुए पंचकूला में एक होस्टल खोला जाएगा, जिसमें 200 खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था होगी। इसके जरिए खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं देने के साथ ही उन्हें खेल में पारंगत करेंगे।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने खेलो इंडिया में हरियाणा के मेडल विजेता खिलाड़ियों को मिलने वाली ईनाम राशि को भी डबल करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी को एक लाख रुपए, सिल्वर मेडल विजेता को 60 हजार रुपए और ब्रोंज मेडल लाने वाले खिलाड़ी को 40 हजार रुपए मिलेंगे। केवल यही नहीं उन्होंने खेलों इंडिया में हिस्सा लेने वाले हरियाणा के सभी खिलाड़ियों को

# साप्ताहिक सूचना पत्र




भी प्रोत्साहन के रूप में 5 हजार रुपए देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 'खेलो इंडिया' प्रतियोगिताओं का हरियाणा में आयोजन अत्यंत महत्व रखता है क्योंकि इस समय खेल जगत में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा की एक अलग पहचान है। मुख्यमंत्री जी ने प्रसन्नता जताई कि हम सब मिलकर इस आयोजन को यादगार बनाने में सफल रहे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि खेलो इंडिया प्रतियोगिताओं के परिणाम से स्पष्ट है कि हरियाणा में खेल प्रतिभाओं की भरमार है। इसलिए हमने राज्य में कुछ विशेष खेल केन्द्रों को विकसित करने की अपेक्षा गांव–गांव खेल को बढ़ावा देने का काम किया है। हम आगे भी हर खिलाड़ी को सब खेल सुविधाएं प्रदान करेंगे और हरियाणा को खेलों की नर्सरी बनाएंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा, 'मैने गत 4 जून को इन खेल प्रतियोगिताओं के शुभारंभ अवसर पर कहा था कि जिस तरह से हरियाणा का जवान धाकड़ है, हरियाणा का किसान धाकड़ है और हरियाणा का पहलवान धाकड़ है। ठीक उसी प्रकार हमारे खिलाड़ी इन खेलों में

# साप्ताहिक सूचना पत्र




प्रदर्शन भी धाकड़ करेंगे। मुझे खुशी है कि हमारे खिलाड़ियों ने मेरी इस बात को अक्षरशः साबित कर दिखाया।'


मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना की और कहा कि आपने इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी दक्षता, शारीरिक क्षमता और मानसिक दृढ़ता का परिचय दिया है। पदक विजेता खिलाड़ियों को विशेष रूप से बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कामना की कि जीत के इस सिलसिले को कायम रखते हुए आप अन्तर्राष्ट्रीय फलक पर भी देश के गौरव को बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सभी अनेक यादें साथ लेकर यहां से जाएंगे और खेलों की नर्सरी बन चुके हरियाणा की मिट्टी से एक ऐसा अनुभव भी लेकर जाएंगे, जो भविष्य में आपको बुलंदियों तक पहुंचाने में सहायक बनेगा।

मुख्यमंत्री जी ने उम्मीद जताई कि ये खेलो इंडिया प्रतियोगिताएं नवोदित खिलाड़ियों की उम्मीदों को नए पंख लगाने का काम करेंगी। इस अवसर पर केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के सफल आयोजन के लिए हरियाणा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेलों इंडिया में बने 12 नेशनल रिकॉर्ड बताते हैं कि आयोजन कितना सफल रहा है। उन्होंने कहा कि टोक्यो ओलंपिक भारत का सबसे अच्छा ओलंपिक रहा है, हरियाणा के नीरज चोपड़ा ने ही भारत को वहां गोल्ड दिलाया। विश्व बाक्सिंग चौंपियनशिप में भी हम तीसरे नंबर पर रहे हैं। हरियाणा भारत का स्पोर्टिंग सुपर पावर है। हमारा प्रयास पारंपरिक खेलों को अंतराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का है। खेलों में हरियाणा की उन्नति हुड्डा ने देश की नंबर 1 खिलाड़ी को हरा कर गेम जीता है। श्री अनुराग ठाकुर जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को मौके मिले। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया 2022 और खेलो इंडिया युनिवर्सिटी गेम्स 2022 भी जल्द ही आयोजित होंगे।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## जल संरक्षण के लिए हरियाणा में आरंभ हुई 'सुजल' पहल

(दिनांक 13.06.22)




**विषय: जल संरक्षण के लिए हरियाणा में आरंभ हुई 'सुजल' पहल।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने आज अपने निवास "संत कबीर कुटीर" से प्रदेश के लिए 'सुजल' पहल का शुभारंभ किया। वाटर सप्लाई मैनेजमैंट की दिशा में आरंभ की गई राज्य की यह अनूठी पहल जल संरक्षण के क्षेत्र में बैंचमार्क साबित होगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने पायलट के तौर पर पंचकूला के लिए इसकी शुरूआत करते हुए कहा कि 'सुजल' पहल एक अनोखी पहल है जो पर्यावरण के अनुकूल है और इसके कारण हम पानी की स्ट्रक्चर्ड सप्लाई के साथ–साथ

# साप्ताहिक सूचना पत्र




संसाधनों की बचत और वित्तीय बचत भी कर सकेंगे। उन्होंने इस पहल के लिए पंचकूला के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी पहलों के कारण ही हम पर्यावरण का बचाव कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए सभी संसाधनों को बचा कर रख सकते हैं। पंचकूला में सफल होने के बाद इस पहल को पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और यह जल हम सब के लिए केवल एक संसाधन ही नहीं बल्कि अमूल्य अमृत है जिसका न कोई विकल्प है और न ही कोई अंतहीन स्रोत, इसीलिए यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम जल का संरक्षण करें। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण इसी जिम्मेदारी की ओर कदम उठाते हुए 'सुजल' योजना आरंभ करने जा रहा है। यह हरियाणा प्रदेश का ऐसा पहला इनिशिएटिव है,जो वाटर सप्लाई मैनेजमेंट द्वारा जल संरक्षण करेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के हर एक पेयजल के मीटर, ट्यूबवेल व कनेक्शन में एक उपकरण लगाया जाएगा जिसमें ऑनलाइन क्लाउड स्टोरेज रहेगी। इसकी मदद से पानी की सप्लाई पर निगरानी रखी जाएगी और पानी के प्रवाह को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। इस इनोवेशन से अधिकारी अपने ऑफिस में बैठ कर ही व्यर्थ बह रहे पानी के बहाव को देख कर रोक सकते हैं और पानी का बचाव कर सकते हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल जी के स्वास्थ्य का हाल–चाल जाना

(दिनांक 13.06.22)



**विषय: पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल जी के स्वास्थ्य का हाल–चाल जाना।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने आज मोहाली के एक निजी अस्पताल में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल के स्वास्थ्य का हाल–चाल जानने पहुंचे। श्री प्रकाश सिंह बादल पिछले 3 दिन से अस्पताल में भर्ती हैं।

श्री प्रकाश सिंह बादल जी ने मुख्यमंत्री के पहुंचने पर उनका आभार मानते हुए कहा कि उन्हें बेहद अच्छा लगा कि श्री मनोहर लाल उनका हाल जानने पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जैसे ही उन्हें प्रकाश सिंह जी के स्वास्थ की आज सूचना प्राप्त हुई तो वे तुरंत ही अस्पताल पहुंचे।

मुख्यमंत्री जी ने श्री प्रकाश सिंह बादल से काफी देर तक बातचीत की और उनका कुशलक्षेम जाना। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री जी ने डॉक्टरों से श्री प्रकाश सिंह बादल के स्वास्थ्य के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हरियाणा का मुख्यमंत्री निवास हुआ 'संत कबीर कुटीर'

(दिनांक 14.06.22)




**विषय: हरियाणा का मुख्यमंत्री निवास हुआ 'संत कबीर कुटीर'।**

**प्रभाव:** देश के इतिहास में पहले बार किसी राज्य के मुख्यमंत्री निवास को एक ऐसे महापुरुष का नाम मिला है जिन्होंने न केवल सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी बल्कि जातिगत व्यवस्था का भी कड़ा विरोध किया। यह निवास है हरियाणा के मुख्यमंत्री का चंडीगढ़ स्थित सरकारी आवास और वे महापुरुष थे संत कबीर दास जी। जो घोषणा रविवार को मुख्यमंत्री जी ने रोहतक में संत कबीर दास जी की जयंती पर आयोजित समारोह में की थी उसे आज पूरा कर दिया गया और मुख्यमंत्री निवास के बाहर 'संत कबीर कुटीर' की पट्टिका लगा दी गई। उनके इस निर्णय से देश भर में बहुत सकारात्मक सन्देश गया है जिसका समाज का हर वर्ग कायल हो गया है।

मुख्यमंत्री जी एक ऐसे राजनेता हैं जिन्होंने खुद भी संतों और महापुरुषों के विचारों को

# साप्ताहिक सूचना पत्र

आत्मसात किया है। अपना पूरा जीवन समाज की भलाई के लिए समर्पित कर देने वाले मुख्यमंत्री की सोच है कि जात–पात से ऊपर उठकर समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उत्थान किया जाए। उनके नेतृत्व में हरियाणा सरकार गरीब, पीड़ित और वंचित वर्ग को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने अपील की है कि सभी जात–पात के भेदभाव को भूलकर मानवमात्र से प्रेम करने का संकल्प लें। उनका मानना है कि मनुष्य को सभी का मान–सम्मान व सत्कार करना चाहिए। मुख्यमंत्री को जानने वाला कोई आम आदमी हो या ख़ास सभी ये मानते हैं कि मुख्यमंत्री संत स्वरूप हैं। उनका दिनचर्या और स्वभाव संतों और फकीरों से मिलता है। उन्हें स्वयं से अधिक हरियाणा की अढाई करोड़ जनता की चिंता रहती है और इसी जनता को वे अपना परिवार मानकर सदैव इसके हित में निर्णय लेते रहते हैं।

मुख्यमंत्री जी कहते हैं कि हमें अपने संतों और महापुरुषों की सदा याद कर और उनके दर्शाए हुए मार्ग पर चल कर अपना जीवन सफल बनाना चाहिए। महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर ही हमें जीवन का सही लक्ष्य हासिल होगा। संतों के विचारों पर चलने वाले मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने 'संत–महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना' शुरू कर महान विभूतियों की शिक्षाएं जन–जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में सरकार द्वारा संतों और महापुरुषों की जयंती पर भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर लोगों में उनकी शिक्षाओं का प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। हरियाणा के इतिहास में ऐसे आयोजन पहली बार किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री निवास का नाम 'संत कबीर कुटीर' करने के निहितार्थ बहुत बड़े हैं। यह बताता है की राज्य के मुख्यमंत्री जाति व्यवस्था में विश्वास नहीं रखते हैं, उनके लिए इंसान के कर्म ही उसकी पहचान हैं। हरियाणा एक हरियाणवी एक की सोच पर चल रही राज्य की सरकार के मुखिया का यह निर्णय इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि ऐसा देश में पहली बार हुआ है की मुख्यमंत्री निवास का नाम एक ऐसी विभूति पर हुआ जिसने सैकड़ों साल पहले जो कहा वह आज भी प्रासंगिक है और मानव मात्र को आज भी जीवन में आगे बढ़ने की राह दिखा रहा है।

# एडवेंचर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने की दिशा मे पर्वतारोहियों के दल को रवाना किया

(दिनांक 14.06.22)



**विषय: एडवेंचर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने की दिशा मे पर्वतारोहियों के दल को रवाना किया।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने आज चंडीगढ ही स्कूल के बच्चों के पर्वतरोहियो के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में एडवेंचर को भी सामान्य खेल की तर्ज पर आगे बढाने के लिए जो भी इन्फ्रास्ट्रकचर की आवष्यकता होगी, उसे पूरा किया जाएगा ताकि हमारे युवा अन्य खेलों की तरह एडवेंचर खेलों में भी अपनी धमक दिखा सकें। इसके साथ ही एडवेंचर स्पोर्ट्स के ज़रिए हरियाणा में पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा दिया जाएगा। स्कूल के बच्चों का यह दल एडवेंचर क्लब द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के गांवों के जीवन में एडवेंचर रचा बसा है। इसलिए युवाओं को ट्रेनिंग देकर एडवेंचर स्पोर्ट्स के व्यवसाय में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 1000 युवाओं को एडवेंचर प्रशिक्षण देकर काबिल बनाया जाएगा।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा में एडवेंचर गतिविधियों को बढावा देने के लिए मोरनी में सरदार मिल्खा सिंह क्लब की स्थापना की गई है जिससे इस क्षेत्र

# साप्ताहिक सूचना पत्र




में कई गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसके अलावा युवाओं के लिए अरावली की पहाड़ियों में भी ट्रेकिंग के रास्तों की तलाश की जा रही है ताकि दक्षिण हरियाणा में भी एडवेंचर स्ट्रक्चर बढाया जा सके। युवा पीढी देश का भविष्य है और युवाओं को स्पोर्टस स्किल में आगे बढाना सरकार का दायित्व है ताकि वे देश के अच्छे नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए ऐसे कार्यक्रम लेकर आ रही है जिससे वे आत्मनिर्भर और स्वावलम्बी बन कर देश को प्रगति की ओर लेकर जा सके।

इस कार्यक्रम के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्कूली विद्यार्थियों के लिए पर्वतारोहण की यह अनूठी योजना है। इसके तहत जो विद्यार्थी पहाड़ों की सबसे ऊंची 10 चोटियों में से किसी एक की चढाई करने पर 5 लाख रुपए की राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि सभी पर्वतारोही लक्ष्य साध कर आगे बढ़ें। पर्वतारोहियों को हरियाणा में सबसे ज़्यादा आर्थिक सहायता दी जा रही है।


मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस बार पर्वतारोही दल में 100 विद्यार्थी भाग भाग ले रहे हैं। इनमें 22 दिव्यांग है। उन्होंने पर्वतारोहण जाने वाले विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों और समस्याओं के बारे में जाना। उन्होंने पर्वतारोही दल के सामने कोई कठिनाई आने पर उसे हिम्मत से पार करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एक बार आगे बढ जायेंगे तो आप धाकड़ बन जाएगें। हरियाणा में शरीर, बुद्धि और बल से आगे बढने वाले को धाकड़ कहा जाता है। इस पर विद्यार्थियों ने खुशी का इजहार किया।

मुख्यमंत्री जी ने कैथल की संजली, गुरूग्राम की मंजु, सोनीपत के जयदीप और श्रवण व वाणी बाधित मुस्कान व गौरव से सीधी बातचीत की और अपने स्वैच्छिक कोश से एडवेंचर क्लब को 5 लाख रुपए देने की घोषणा की।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## सीनियर सेकेंडरी में सफल होने वाले तमाम विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

(दिनांक 15.06.22)



**विषय: सीनियर सेकेंडरी में सफल होने वाले तमाम विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।**


**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सीनियर सेकेंडरी परीक्षा का परिणाम घोषित होने पर परीक्षा में सफल होने वाले तमाम विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं तथा साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि परीक्षा में सफलता जीवन में महत्वपूर्ण है क्योंकि परीक्षा हमें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि टॉप 3 में लड़कियों ने बाजी मारी है। यह महिला सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण है। लड़कियों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वह हर क्षेत्र में प्रगति कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि तीनों संकाय में प्रथम स्थान पर रही के.सी.एम. पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, निडाना, रोहतक की छात्रा काजल ने 498 अंक प्राप्त किए। एस.डी.कन्या. महाविद्यालय नरवाना, जीन्द की छात्रा मुस्कान व बाबा श्रवणनाथ सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, पेहवा, कुरूक्षेत्र की छात्रा साक्षी ने 496 अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान हासिल किया है तथा तृतीय स्थान टैगोर सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, नारनौद, हिसार की छात्रा श्रुति व बाल विद्या निकेतन सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, खाम्भी, पलवल की छात्रा पूनम ने 495 अंक अर्जित करके पाया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जिन बच्चों का आशा अनुरूप परिणाम नहीं आया है उन्हें सीख लेते हुए आगे और मेहनत करनी चाहिए। वे निराश न हों और पुनः मेहनत से पढ़ाई करके सफलता प्राप्त करें।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 'अग्निपथ' योजना

(दिनांक 15.06.22)




**विषय: 'अग्निपथ' योजनां।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अग्निपथ योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि 'अग्निपथ' योजना से नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, इससे हरियाणा के युवाओं को काफी फायदा होगा। प्रदेश का युवा देश सेवा करने का जज्बा रखता है। देश की सेना में सबसे ज्यादा संख्या हमारे युवाओं की है। नई भर्ती योजना से उनको न केवल देश सेवा का मौका मिलेगा, बल्कि नौकरी भी मिल सकेगी। वे नए भारत के निर्माण में अधिक उपयोगी बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल 46,000 अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए भर्ती रैलियां आगामी 90 दिनों में शुरू हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस सेवा को पूरा करने वाले युवाओं को हरियाणा सरकार नौकरी एवं अन्य कार्यों में वरीयता देगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निष्चित तौर पर अग्निपथ योजना प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप नए भारत के निर्माण व युवाओं के सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि 'अग्निपथ योजना' से तीनों सेनाओं की मानव संसाधन नीति में एक नए युग की शुरुआत हुई है। यह केंद्र सरकार द्वारा किया गया एक प्रमुख रक्षा नीति सुधार है। 'अग्निपथ योजना' देश की सुरक्षा को मजबूत एवं हमारे युवाओं को सैन्य सेवा का अवसर प्रदान करेगी। 'अग्निपथ योजना' भारतीय सैन्य इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय का सृजन करेगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## ब्राम्हण सभा हरियाणा द्वारा आभार व्यक्त

(दिनांक 15.06.22)



**विषय: ब्राम्हण सभा हरियाणा द्वारा आभार व्यक्त।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने आज यहां उनके सरकारी निवास 'संत कबीर कुटीर' पर श्री कार्तिकेय शर्मा को राज्यसभा में भेजने के लिए आभार व्यक्त करने आए अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा हरियाणा की कार्यकारिणी सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राजनीति के अंदर बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हर नेता के साथ उसके समर्थक जुड़े होते हैं जो उसी के साथ दूसरी पार्टी में भी चले जाते हैं। परन्तु भारतीय जनता पार्टी में सबसे से पहले देश, बाद में दल और उसके बाद व्यक्ति को माना जाता है। इसी के चलते वर्ष 2014 के बाद जबसे श्री नरेन्द्र मोदी जी देश के प्रधान मंत्री बने हैं, तब से भारतीय जनता पार्टी की इसी विचारधारा के चलते पार्टी आज न केवल देश में बल्कि विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनी है।

मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा हरियाणा के अध्यक्ष व कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता व विधि प्रकोश्ठ के प्रभारी रहे श्री राकेश शर्मा व अन्य सदस्य को मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी का पटका पहना कर पार्टी में शामिल किया।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## जनता दरबार

(दिनांक 15.06.22)



**विषय: जनता दरबार।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने आवास संत कबीर कुटीर में जनता दरबार लगाकर लोगो की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया।

जनता दरबार में आए घुमंतू जनजाति कल्याण मंच के सदस्य जसमेर सिंह बंजारा ने बताया कि वे अपने समाज के लोगों के साथ मुख्यमंत्री आवास पर घुमंतु जाति से जुड़ी अलग–अलग मांग लेकर पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इत्मिनान से उन्हे सुना और विश्वास दिलाया कि समाज के अंतिम और वंचित का उत्थान होगाजनता दरबार में घुमंतू जाति के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें स्थाई आवास प्रदान किया जाए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 31 मार्च 2000 तक जिस जमीन पर घुमंतु जाति के लोगों को रहते हुए 20 साल हो चुके हैं और उनके पास किसी भी प्रकार का कोई प्रमाण मौजूद है, तो उन्हें 200 गज तक की जमीन, जिस पर वह काबिज हैं, उनसे कुछ भुगतान लेकर वह जमीन उनके नाम कर दी जाएगी। इसके अलावा, परिवार पहचान पत्र के माध्यम से चिन्हित घुमंतू जाति के लोगों, जिनकी आय 1.80 लाख रुपये वार्षिक से कम है, को हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के माध्यम से भी घर दिए जाएंगे।

# साप्ताहिक सूचना पत्र



मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा में अति गरीब परिवारों का उत्थान कर उन्हें मुख्यधारा में लाना राज्य सरकार का मुख्य उद्देष्य है। राज्य सरकार ने महत्वाकांक्षी पहल परिवार पहचान पत्र के माध्यम से प्रदेश के सबसे गरीब परिवार जिनकी आय 1.80 लाख रुपये से कम है की पहचान की है और उनके आर्थिक उत्थान के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की शुरुआत की है।

उन्होंने कहा कि आजादी के 70 साल में पिछली सरकारों ने कभी भी गरीबों की भलाई के बारे में वे कार्य नहीं किए जो आज हम कर रहे हैं। चाहे गरीबों को आवास प्रदान करना हो, राशन उपलब्ध करवाना हो या अन्य कोई भी सुविधा देनी हो, हम सुव्यवस्थित तरीके से पारदर्शिता के साथ सबको लाभ दे रहे हैं। इसके लिए परिवार पहचान पत्र राज्य सरकार की एक बहुत ही महत्वकांक्षी पहल है, जिसके माध्यम से प्रदेश के सबसे गरीब, चाहे वह किसी भी जाति से संबंध रखता हो, का कल्याण किया जा रहा है। इसी कड़ी में, प्रदेश के सभी व्यक्तियों, जिनकी आय 1.80 लाख रुपये से कम है, को आयुश्मान भारत योजना में कवर किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों को स्वाबलंबी बनाने पर जोर दे रही है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्तथान योजना के अंतर्गत मेले आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें अब तक अढ़ाई लाख परिवार आ चुके हैं। इनमें से 40,000 परिवारों के ऋण मंजूर हो चुके हैं। जब तक ऐसे परिवारों की आय 2 लाख रुपये सालाना नहीं हो जाते तब तक हमारी अंत्योदय की गाड़ी नहीं रुकेगी। उन्होंने कहा कि अब किसी को भी अपना राशन कार्ड बनवाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से आय स्तर के अनुसार सभी परिवारों का पीला, खाकी, गुलाबी या हरा कार्ड अपने आप बन रहा है और उन्हें सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ घर बैठे ही मिल रहा है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि

# साप्ताहिक सूचना पत्र

ऐसे सभी नागरिकों, जिन्हें ऑनलाइन माध्यम योजनाओं का लाभ लेने में पोर्टल से संबंधित किसी प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, उनके निवारण के लिए सामान्य सेवा केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि पोर्टल पर सभी दस्तावेजों के अपलोड न होने के कारण सुविधा मिलने में हो रही परेशानी को खत्म किया जा सके।

इसके अलावा मुख्यमंत्री जी ने भाखड़ा विस्थापितों की समस्याओं का स्थाई समाधान करने के लिए 5 सदस्यीय कमेटी का गठन,जमाबंदी में गलतियों की जांच की जाए और दोबारा से जमाबंदी की जाने के भी आदेश दिए।

मुख्यमंत्री जी के सामने खनक, भिवानी और नागली, यमुनानगर से आए स्टोन क्रशर मालिकों ने स्टोन क्रशर बंद किए जाने को लेकर अपनी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री जी ने उन्हें अवगत कराया कि उनकी समस्याओं का समाधान विभाग द्वारा किया जा चुका है। स्टोन क्रशर संचालित करने के लिए विभाग की ओर से अब नियमों में बदलाव कर राहत दी गई है, जिससे स्टोन क्रशर दोबारा से चालू हो जाएंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हालांकि नियमों में कुछ राहत दी गई है, परंतु फिर भी तय मानदंड पूरे करने होंगे ताकि नियमों का उल्लंघन न हो। इस पर सभी स्टोन क्रशर के मालिकों ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया।

साथ ही आदमपुर, हिसार से आए नागकिरों ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के तहत एलआईजी के तहत आवंटित किए गए मकानों पर एन्हांसमेंट के संबंध में अपनी शिकायत रखी। मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वन टाईम सेटलमेंट स्कीम बनाकर समाधान निकाला जाएगा और बैंकों के माध्यम से ऋण की व्यवस्था भी कराई जा सकती है ताकि लोगों पर आर्थिक भार न पड़े।

जनता दरबार में पहुंचे अखिल भारतवर्षीय नाथ समाज के योगी दयानंद ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री जी के समक्ष मांग रखी कि गुरु गोरखनाथ जी की जयंती मनाई जाए। इस पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सीएम श्री योगी आदित्यनाथ, अस्थल बोहर मठ के बाबा बालकनाथ के साथ बैठकर नाथ समाज के लोग गुरु गोरखनाथ जी की जयंती का दिन तय करें। तारीख तय हो जाने पर हरियाणा सरकार गुरु गोरखनाथ की जयंती मनाएगी। इस पर योगी दयानंद ने मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद और आभार जताया।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मण्डियां में टैक्स की चोरी रोकने के निर्देश

(दिनांक 17.06.22)



**विषय: मण्डियां में टैक्स की चोरी रोकने के निर्देश।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को मण्डियों में टैक्स की चोरी रोकने के लिए कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए ताकि मार्केटिंग बोर्ड को आर्थिक रूप से और सशक्त बनाया जा सके।

यह निर्देश मुख्यमंत्री जी ने मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों की बैठक में दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की हर मण्डी के विक्रेताओं की एसेसमेंट करवाई जाए ताकि पूरी जानकारी एकत्रित हो सके और टैक्स की अदायगी करवाई जा सके। इसके अलावा मण्डियों में सीसीटीवी कैमरे भी लगवाएं जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि पिंजौर में स्थापित होने वाली सेब मण्डी को विकसित कर दुकानों की नीलामी करवाई जाए। इसके अलावा करनाल, पानीपत, रोहतक व पंचकूला के एग्रो मॉल की दुकानों की भी बिक्री की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने मार्केटिंग बोर्ड द्वारा मण्डियों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के भी निर्देश दिए ताकि किसानों को मण्डियों तक आने–जाने में किसी प्रकार की कठिनाई न आए।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

(दिनांक 17.06.22)




**विषय: व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ की बैठक।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने आज प्रदेश के व्यापारियों को एक और नायाब तोहफा प्रदान किया है। अब कपास पिराई का कार्य करने वाले व्यापारी प्रदेश में एकमुश्त टैक्स अदा कर लाइसेंस ले सकेंगे। इससे प्रदेश में व्यापार बढ़ेगा और सरकार को राजस्व भी मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री जी ने आज भारतीय व्यापार मण्डल एवं हरियाणा ऑयल मिल्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक में यह निर्णय लिया। अब कपास पिराई करने वाले व्यापारी प्रति यूनिट एक्पेलर पर 42000 रुपए का एकमुश्त टैक्स अदा करके लाइसेंस ले सकेंगे और प्रत्येक वित वर्ष में यह टैक्स देंगे। यह निर्णय तीन साल के लिए लागू होगा। इसके बाद टैक्स की दोबारा समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बाहर से लाकर पिराई करने वाली कपास युनिट को एल–1 फार्म भरना अनिवार्य होता है। अब इस निर्णय से एल–1 फार्म नहीं भरना पड़ेगा। इस प्रकार बिनौला ऑयल मिल्स की प्रोसेंसंग फीस के रूप में प्रति यूनिट सरकार को 42000 रुपए का राजस्व मिलेगा। प्रदेश में लगभग 453 क्रशिंग युनिट व 1520 एक्पेलर युनिट हैं ।

इस निर्णय पर भारतीय व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने खुशी का इजहार किया और मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय व्यापार मण्डल शीघ्र ही राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन कर मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री जी का अभिवादन करेगा।